रजिस्ट्रियों का रैंडम तरीके से करें भौतिक सत्यापन : मेहता

जिला कलक्टर ने उप पंजीयक कार्यालय का किया औचक निरीक्षण।

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र
जिला कलक्टर नमित मेहता ने बुधवार को उप पंजीयक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्मिकों को समय पर कार्यालय आने, पुरानी वसूलियो पर विशेष अभियान चलाकर राजस्व संकलन के संबंध में विशेष दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने उप पंजीयक मोहन लाल रेगर को निर्देश दिए कि रजिस्ट्री की प्रक्रिया को तय समय में किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। उप पंजीयक मोहनलाल ने बताया कि एस आर प्रथम कार्यालय को मई माह में अब तक 6 करोड़ 51 लाख रुपए और एस आर द्वितीय कार्यालय की मई महीने में 4 करोड़ 57 लाख की कुल राजस्व आय अर्जित हुई। जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान 50 लाख से नीचे की रजिस्ट्रियों का रैंडम तरीके से भौतिक सत्यापन करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व संकलन के लक्ष्यों को प्राप्त करने और पुरानी बकाया वसूलियों के लिए विशेष अभियान चलाने के लिए भी निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने दस्तावेजों का सुव्यवस्थित रूप से संधारण करवाने, पुराने कबाड़ को हटाने, एसआर प्रथम कार्यालय में कक्षों की साफ-सफाई, रंगरोगन करने के निर्देश उप पंजीयक अधिकारी मोहन लाल रेगर को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में प्राप्त होने वाले रजिस्ट्री संबंधित सभी प्रकरण ई-पंजीयक पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किए जाए। साथ ही रजिस्टरीकरण की प्रक्रिया के संबध में जानकारी ली और पारदर्शिता के साथ फाइलों के निस्तारण के संबध में निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर ने कार्मिकों से आवंटित कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सभी को अपने राजकीय उत्तरदायित्वों का पूर्ण ईमानदारी से निवर्हन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में पंजीयन संबंधी लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द प्रकरणों का निस्तारण किया जाए। साथ ही आमजन के जो काम होने वाले हों, वे तुरंत हों। परिवादियों को अनावश्यक चक्कर नहीं काटने पड़े, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

मतगणना के संबंध में बैठक का हुआ आयोजन

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र
भारत निर्वाचन आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को मीडिया प्रकोष्ठ प्रभारी मोहम्मद ताहिर की अध्यक्षता में मीडियाकर्मियों के साथ मतगणना के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

मीडिया प्रकोष्ठ प्रभारी ने बैठक में सभी मीडियाकर्मियों को मतगणना के दिन मीडिया कवरेज के संबध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन की जानकारी देते हुए बताया कि प्राधिकार पत्र वाले मीडियाकर्मियों को मतगणना हॉल में प्रवेश करने की अनुमति दी जा सकेगी। उन्होंने बताया कि मीडिया कर्मियों को मतगणना हॉल के अंदर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मतगणना हॉल के अंदर किसी भी स्टैण्डींग कैमरे से वीडियो की अनुमति नहीं है। हाथ में या कंधे पर कैमरा लेकर मतगणना प्रक्रिया का ऑडियो विजुअल कवरेज लेते समय, किसी भी परिस्थिति में, व्यक्तिगत मतपत्रों पर दर्ज वास्तविक वोटों, या ईवीएम में डाले गए वास्तविक वोटों की फोटो नहीं खींची जानी चाहिए या ऑडियो द्वारा कवर नहीं किया जाना चाहिए। जनसंपर्क अधिकारी हेमन्त छीपा ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि अधिकृत मीडियाकर्मियों के लिए मतगणना केंद्र पर एक पृथक कक्ष में मीडिया सेंटर की स्थापना की गई है। मीडियाकर्मियों को मतगणना के नवीनतम रूझान एवं परिणाम से अवगत कराने के लिए मीडिया सेंटर में बड़ी एलईडी स्क्रीन पर आयोग की आईटी एप्लिकेशन ट्रेंड-टीवी के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।

धर्मशाला का शिलान्यास किया

बनेड़ा। उपखंड मुख्यालय क्षेत्र के निंबाहेड़ा ग्राम पंचायत मेंमंगलवार को पंचायत में 56 गांव डांग का बालाजी के धार्मिक स्थल पर आज हरणी महादेव मंडल, झरना महादेव धानेश्वर मंडल एवं 56 गांव डांग का बालाजी मंडल के सदस्यों की उपस्थिति में वैष्णव समाज के द्वारा नवनिर्मित धर्मशाला का शिलान्यास का किया गया।

ओवर स्पीड कार ट्रक में घुसी, दो की मौके मौत

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र
नेशनल हाईवे पुलिया पर हरिपुरा चौराहे के निकट बुधवार सुबह डोडा-चूरा से भरी ओवर स्पीड कार ट्रक में घुस गई। हादसे में कार सवार 2 तस्करों की मौके पर ही मौत हो गई और कार चकनाचूर हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस उपाधीक्षक मेघा गोयल और मांडल थाना प्रभारी संजय गुर्जर मौके पर पहुंचे और कार की तलाशी ली और डोडा चूरा जब्त किया। जानकारी क अनुसार मांडल थाना क्षेत्र में हरिपुरा चौराहे पर बुधवार सुबह 6 बजे के करीब डोडा-चूरा भरी कार ओवर टेक करने के चक्कर में आगे चल रहे ट्रक में पीछे से घुस गई। इस भीषण हादसे में कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई और दोनों कार सवारं की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और सडक पर जाम भी लग गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम को खुलाया और हादसाग्रस्त वाहनों को क्रेन की सहायता से अलग करवाकर यातायात सुचारू करवाया गया। मृतकों की पहचान ब्यावर निवासी मांगीलाल देवासी और भेराराम देवासी के रूप में हुई है। मृतक रिश्ते में जीजा-साले हैं। वहीं तलाशी के दौरान पुलिस को कार से 91 किलो डोडा-चूरा भी बरामद हुआ है। प्रथम दृष्ट्या चालक द्वारा ओवर स्पीड में ओवर टेक करने और झपकी आने से दुर्घटना होने का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं कार में डोडा-चूरा बरामद होने पर पुलिस ने बताया कि कार ब्यावर नंबर की है, संभवतया एमपी से डोडा-चूरा लेकर ये लोग ब्यावर अथवा जोधपुर की साइड जा रहे होंगे। इसी दौरान उनकी कार आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। ट्रक ड्राइवर चिताम्बा निवासी सुरेश पिता प्यारेलाल सालवी ने बताया कि वो ट्रक में पट्टियां भर कर बदनोर जा रहा था। इसी दौरान पुलिया पर तेज धमाका हुआ, उसे लगा कि ट्रक का टायर फटा है। उसने ट्रक को रोका और नीचे उतरकर देखा तो पीछे से कार उसके ट्रक में घुसी हुई थी।

मेहता ने जिले के नगर निकायों के अधिकारियों के साथ की बैठक

शहरी सौंदर्यीकरण, मानसून पूर्व तैयारी, हीटवेव से बचाव आदि को लेकर दिए निर्देश।

भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र
जिला कलक्टर नमित मेहता ने अग्निशमन अधिकारी से कहा कि आग की घटनाओं की रोकथाम के लिए उन सभी सार्वजनिक स्थानों का दौरा करें जहां बड़ी संख्या में लोग आते हैं वहां अग्नि से बचाव के संसाधनों एवं तैयारियों की जांच करें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि होटल, गेम जोन, कोचिंग सेंटर अस्पताल, शोरूम मालिकों आदि के पास फायर एनओसी हो। उन्होंने कहा कि अगर कहीं से भी आग की घटना की सूचना मिलती है तो तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए। जिला कलेक्टर नमित मेहता जिले के नगर निकाय के अधिकारियों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा बैठक कर रहे थे।

संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध हो निस्तारण : बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने नगर निकाय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने तथा शिकायतों के निस्तारण की क्वालिटी को चेक करने को कहा। जिला कलक्टर ने नगर परिषद आयुक्त हेमाराम चौधरी को प्राप्त शिकायतों की निस्तारण की मॉनिटरिंग करने के संबंध में निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने शहरी सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा भी की। इस दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि शहरी क्षेत्र में ऐसे कार्य किया जाए जिससे क्षेत्र का कायापलट हो जाए। शहरी रोजगार योजना के अंतर्गत अधिकारी अच्छे से प्रस्ताव बनाकर भेजें। जिला कलक्टर ने चिकित्सा संस्थानों में आग बुझाने के उपकरण उपलब्ध करवाने के संबंध में सीएमएचओ को निर्देशित किया।

ई-फाइल के माध्यम से करें पत्रावलियों का निस्तारण : जिला कलक्टर ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को ई फाइल सिस्टम के माध्यम से पत्रावलियों के निस्तारण के संबंध में दिशा निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर श्रीमती वंदना खोरवाल को नगर निकाय के कार्मिकों के लिए कार्यालय में ई फाइल सिस्टम लागू करने के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजन करवाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए।

कृषि आदान लाइसेंस के लिए (देसी) डिप्लोमा के लिए 15 तक करें आवेदन

भीलवाड़ा । कृषि आदान उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी का लाईसेन्स प्राप्त करने के लिए मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि/विज्ञान में स्नातक अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कृषि डिप्लोमा आवश्यक हैं। इसी को मध्यनजर रखते हुए राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान (मैनेज) हैदराबाद द्वारा एकवर्षीय डिप्लोमा (देसी) का प्रशिक्षण आत्मा कार्यालय में आयोजित किया जायेगा। कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा), के उपनिदेशक डॉ. शंकर सिंह राठौड ने बताया कि डिप्लोमा के इच्छुक अभ्यार्थी कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर मय दस्तावेजों के साथ 15 जून तक आवश्यक रूप से आवेदन जमा करा सकते है।

फटाफट

बड़े और छोटे नालों की सफाई का सभापति एवं आयुक्त ने किया निरीक्षण

भीलवाड़ा। नगर परिषद द्वारा शहर के बडे एवं छोटे नालों की सफाई हेतु कार्यादेश जारी किया जाकर कार्य प्रारंभ किया जा चुका है बुधवार प्रातः सभापति राकेश पाठक एवं आयुक्त हेमाराम चौधरी ने नालों की सफाई व्यवस्था का ओचक निरीक्षण किया ,सभापति पाठक ने बताया कि शहर में नालों की सफाई हेतु 98 लाख रुपये का टेंडर जारी किया गया जिसका कार्य प्रारंभ हो चुका है एवं नालो की सफाई का कार्य 6 माह तक निरंतर किया जाएगा ,आयुक्त हैमाराम चौधरी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक बड़े नाले में सफाई हेतु दो जेसीबी एवं 15 कर्मचारी लगावे एवं छोटे नालों में सफाई हेतु शहर को 8 जॉन में विभाजित कर प्रत्येक जोन में एक जेसीबी एवं 15 कर्मचारी लगाकर सफाई करवाई जावे, प्रभारी अधिकारी जन स्वास्थ्य मनीष सांगेला ने बताया कि इस दौरान पांडु का नाला, रोडवेज़ बस स्टैंड से जेल चौराहा का नाला, हरी सेवा धाम से बस स्टैंड नाला , महिला आश्रम से बीएसएनल रोड नाले का निरीक्षण किया गया।

राहगीरों को भाजपाईयों ने पिलाया शीतल पेय

भीलवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भीषण गर्मी के दौर में भाजपा जिला संगठन ने सेवा ही संगठन अभियान के माध्यम से आमजन व पशु पक्षियों को राहत पहुंचाने का निर्णय लिया है। अभियान का शुभारंभ बुधवार को सूचना केंद्र के बाहर सांसद सुभाष बहेडिया के मुख्य आतिथ्य, जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं सभापति राकेश पाठक, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, पूर्व न्यास अध्यक्ष एल एन डाड, वरिष्ठ नेता पेंटर सूरज की विशिष्ट उपस्थिति में हुआ। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने कहा कि भीषण गर्मी से आमजन के साथ-साथ पशु पक्षियों को भी राहत पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा जिले भर में प्याऊ एवं शीतल पेय वितरण केंद्र की स्थापना के साथ पशु पक्षियों के चारे एवं दाने पानी की व्यवस्था करेगी, साथ ही बड़ी संख्या में परिण्डों का वितरण भी किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने आमजन एवम राहगीरों को शीतल पेय वितरित किया और साथ ही सडक पर बिखरी डिस्पोजल गिलासों को डस्टबिन में एकत्र कर सडक की सफाई की। इस दौरान उपाध्यक्ष प्रहलाद त्रिपाठी, मंजू चेचाणी, अविनाश जीनगर, जिला महामंत्री भगवतीप्रसाद जोशी, राजकुमार आंचलिया, जिला मंत्री सुरेंद्र सिंह मोटरास, गोपाल तेली, अमित सारस्वत, जिला कोषाध्यक्ष ललित अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष पंकज मानसिंहका, मनोज बुलानी, अजीतसिंह केसावत आदि उपस्थित थे।

पेयजल के लिए दर-दर भटक रहे बडला के ग्रामीण

सवाईपुर ■ संवाद सूत्र
कस्बे के निकटवर्ती बड़ला ग्राम पंचायत मुख्यालय पर भीषण गर्मी में ग्रामीण को पेयजल के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है क्योंकि तीन माह से हैंडपंप खराब पड़ा है, वही चंबल पेयजल आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रह है। ग्रामीण बद्रीलाल तेली ने बताया कि बड़ला के गौरव पथ पर पीएचडी की टंकी पर पिछले 8 दिन से पानी नहीं आ रहा,। वही

हालात विद्यालय मैदान में हैंडपंप सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगे हेडपंप 3 माह से खराब पड़े हैं । पीएचडी के अधिकारी, हैंड पंप मिस्त्री से संपर्क करने के बाद भी हैंड पंप को ठीक नहीं किया गया । यही हालत अन्य हैंडपंपों की जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की उदासीनता, लापरवाही से ग्रामीणों को पीने के पानी की भयंकर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा है, गौरव पथ तालाब खेड़ा में चंबल परियोजना की लाइन एक साइड में डाली गई है, उसमें भी 3 माह से पानी नहीं आ रहा है, वह एक साइड में चंबल परियोजना के अधिकारियों ने पाइपलाइन ही नहीं डाली।

पानी के अभाव में सूखे डिवाइडर पर लगे पौधे : नगर विकास न्यास द्वारा शहर के चारों दिशाओं में रोड पर डिवाइडर के बीच लगाए पौधे सूख रहे हैं। इनके लगाने पर लाखों रुपए खर्च किए गए। अब देखरेख के अभाव में ये हालात हैं। यूआईटी ने अजमेर रोड, कोटा रोड, चित्तौड़ रोड व गंगापुर रोड पर डिवाइडर के बीच पौधे इसलिए लगाए थे कि रोड हरियाली से खूबसूरत लगे।

समाचार-आसपास

अभिरूचि शिविर में 350 बच्चों ने लिया भाग, सीखी 8 विधाएं

गुलाबपुरा। भारत विकास परिषद शाखा गुलाबपुरा द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय गुलाबपुरा में सात दिवसीय अभिरुचि शिविर का समापन भामाशाह एवं समाजसेवी श्रीमती रमा नवाल, श्रीमती प्रेमलता तोषनीवाल के मुख्य आतिथ्य, परिषद महिला प्रमुख ज्योति दिनवानी की अध्यक्षता एव प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश जी शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में कराया गया। इस अवसर पर शिविर प्रभारी संगीता सोनी , रतनलाल लक्षकार, कन्हैयालाल सोनी, सत्यनारायण जागेटीया ने भी मंच साझा किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन करके करवाया गया तत्पश्चात वंदे मातरम गायन होकर अतिथि स्वागत किया गया। शिविर संयोजीका पिंकी शर्मा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि शिविर में मेहंदी, ब्यूटीशियन, डांस सिलाई , आर्ट एंड क्राफ्ट, मार्शल आर्ट, सहित प्रतिदिन मोटिवेशनल सत्र सहित कुल 8 विधाओं का आयोजन किया गया जिसमें 350 बालक - बालिकाओं, युवतियों ने भाग लिया ।

डॉ. तोगडिया ने की संगोष्ठी

भीलवाडा। विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष एवं श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के नायक डॉक्टर प्रवीण तोगडिया सवाईपुर पहुंचे । जहां वह संगोष्ठी को संबोधित करने के साथ ही भोजन व विश्राम किया। राष्ट्रीय बजरंग दल जिलाध्यक्ष अनिल साहू ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष एवं श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के नायक डॉक्टर प्रवीण तोगडिया बिजोलिया से भीलवाड़ा जाते समय सवाईपुर में जिलाध्यक्ष साहू के निवास पर अल्पप्रवास पर रूके यहां उन्होंने प्रबुद्ध नागरिकों की संगोष्ठी को संबोधित किया।

भजन संध्या कल

सवाईपुर। कस्बे के निकटवर्ती सोपुरा जाटों का गांव में एक शाम श्री बगेड़ा देवनारायण भगवान के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन 31 मई को किया जाएगा। आयोजक कर्ता सांवरमल जाट ने बताया कि सोपुरा गांव में न्यू वीर तेजा म्यूजिकल ग्रुप के बैनर तले एक शाम श्री बगेड़ा देवनारायण भगवान के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन 31 मई को किया जाएगा।

टाइटन बायोटेक लिमिटेड
सीआईएन: L74999RJ1992PLC013387
रजि. कार्यालय :- ए-902ए रीको औद्योगिक क्षेत्र, फेज III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019
फोन नंबर : 011- 71239900, **ईमेल:** hrd@titanbiotechltd.com, **वेबसाइट:** www.titanbiotechltd.com

31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित स्टैन्डलोन वित्तीय परिणामों का निष्कर्ष

(रु. लाख में) ईपीएस को छोड़कर

क्रम सं.	विवरण	स्टैन्डलोन				
		समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष	
		31.03.2024	31.12.2023	31.03.2023	31.03.2024	31.03.2023
		अंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	4,039.59	4,641.59	3,732.83	16,582.03	14,594.26
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, असाधारण और/या असाधारण मदों पर)	637.48	994.05	635.62	3,152.90	2,811.61
3	कर पूर्व, अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	637.48	994.05	635.62	3,152.90	2,811.61
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण मदों के बाद)	484.12	738.35	464.36	2,366.32	2,102.49
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (लाभ/(हानि सहित) (कर के बाद) अवधि के लिए और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) (नोट 3 देखें)	496.94	739.90	470.58	2,383.80	2,108.71
6	पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37
7	बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर अन्य इक्विटी	-	-	-	12,017.85	9,782.79
8	प्रति शेयर आय (रु- 10/- प्रति शेयर)					
	(ए) बेसकि	5.86	8.93	5.62	28.64	25.44
	(बी) डायल्यूटिड	5.86	8.93	5.62	28.64	25.44

31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों का निष्कर्ष

(रु. लाख में) ईपीएस को छोड़कर

क्रम सं.	विवरण	कंसोलिडेटेड				
		समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष	
		31.03.2024	31.12.2023	31.03.2023	31.03.2024	31.03.2023
		अंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	4,039.59	4,641.59	3,732.83	16,582.03	14,594.26
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, असाधारण और/या असाधारण मदों पर)	637.48	994.05	635.62	3,152.90	2,811.61
3	कर पूर्व, अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	637.48	994.05	635.62	3,152.90	2,811.61
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण मदों के बाद)	499.63	717.47	495.12	2,485.30	2,484.42
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (लाभ/(हानि सहित) (कर के बाद) अवधि के लिए और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) (नोट 3 देखें)	512.45	719.02	501.34	2,502.78	2,490.64
6	पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37
7	बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर अन्य इक्विटी	-	-	-	12,529.20	10,164.72
8	प्रति शेयर आय (रु- 10/- प्रति शेयर)					
	(ए) बेसकि	6.05	8.68	5.99	30.07	30.06
	(बी) डायल्यूटिड	6.05	8.68	5.99	30.07	30.06

नोट्स :
1 उपरोक्त 31.03.2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत पविस्तृत स्वरूप का एक सार है और सेबी (नियमन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत बीएसई लिमिटेड के साथ दायर किया गया है। 31.03.2024 को समाप्त उक्त तिमाही और वर्ष के लिए स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** और कंपनी की वेबसाइट **www.titanbiotechltd.com** पर उपलब्ध है। कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों ने उपरोक्त परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
2 31.03.2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए उपरोक्त अंकेक्षित स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा 29 मई, 2024 को आयोजित बैठक में इसे रिकॉर्ड में लिया गया है। सांविधिक कंपनी के लेखापरीक्षकों ने सेबी (नियमन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं), 2015 के विनियम 33 के संदर्भ में एक सीमित समीक्षा की है।
3 कंपनी ने कराधान कानून (संशोधन) अधध्यादेश 2019 द्वारा पेशा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115BAA के तहत अनुमति दिए गए विकल्प को चुनने के लिए चुना है। तदअनुसार, कंपनी ने 31.03.2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए आयकर के प्रावधान को मान्यता दी है और उक्त अनुभाग में निर्धारित दर के आधार पर अलग-अलग कर संतुलन को समाप्त कर दिया है।
4. स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अंकेक्षित वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम 2015 (संशोधित) में निर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों ('Ind AS') ("आम तौर पर भारत में स्वीकृत लेखांकन सिद्धांत") के अनुसार तैयार किए गए हैं।
5 चालू वर्ष में जीएसटी सहित बिक्री की गणना के उद्देश्य से परिचालन से राजस्व में माल ढुलाई की राशि को जोड़ा गया है। चालू वर्ष में राजस्व में वृद्धि के प्रभाव को बेअसर करने के लिए कुल अन्य खर्चों में माल ढुलाई भाड़ा भी जोड़ा गया।
6 वर्ष के दौरान, कंपनी ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) व्यय के लिए 63.90 लाख रुपये का भुगतान किया।
7 कंपनी के निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 2.00 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के लाभांश की सिफारिश की है। लाभांश का भुगतान वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों द्वारा उनके अनुमोदन के बाद किया जाएगा।
8. सांविधिक लेखा परीक्षकों ने 31.03.2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए वित्तीय परिणामों का ऑडिट किया है।

निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर से
कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड

नरेश कुमार सिंगला
प्रबंध निदेशक
DIN-00027448

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 29.05.2024